>

Title: Request to resolve the issue of drinking water in Hathras.

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस) **: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र हाथरस की ओर दिलाना चाहता हूं ।**

अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र हाथरस के अंतर्गत कुछ गांवों में पेयजल की बड़ी समस्या है । भूजल में खारा पानी है, जिसके कारण पीने के पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है । स्थानीय लोगों को पीने वाला पानी करीब पांच किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है । बिंबेरी विधान सभा व सिकंदरा राऊ के लगभग 20 गांव और सादाबाद विधान सभा के लगभग 50 गांव खारे पानी की समस्या से प्रभावित हैं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र हाथरस में पेयजल की समस्या का निवारण करें । धन्यवाद ।